# शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायगढ़ जिले के 418 स्कूली कार्यों का किया लोकार्पण

❐ मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब तक पूर्ण हुए कार्यों का किया गया लोकार्पण

❐ रायगढ़ के पालकों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से संवाद कर जताया उनका आभार





**रायगढ़।** शिक्षक के दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से अब तक पूर्ण हुए कार्यो का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल लोकार्पण किया। जिसमें रायगढ़ जिले में अब तक पूरे हो चुके 418 स्कूली कार्य भी लोकार्पित हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल विद्या का मंदिर है। इन्हें जीर्ण-शीर्ण नहीं रखा जा सकता। हमने 2100 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के माध्यम से जीर्ण-शीर्ण स्कूलों के जीर्णोद्धार की योजना तैयार की। आज 7 हजार 688 स्कूलों एवं इनमें 464 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य का लोकार्पण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का संकल्प लेकर आये थे। किसानों की माली हालत खराब थी। वनोपजों का बेहतर दाम नहीं मिल पा रहा था। इलाज के लिए सुविधा नहीं थी। बस्तर में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्कूल भवन ध्वस्त कर दिए थे। आज जो बड़े पैमाने पर स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ है उसके पीछे हमारी शिक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। पहले अंग्रेजी स्कूल शासन द्वारा संचालित नहीं होता था। अब यह शासन द्वारा संचालित है। यहां पढ़ाई अच्छी है। इसलिए एडमिशन की भी काफी डिमांड है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। 1318 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गये।

स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत 8000 से भी अधिक स्कूलों में 2100 करोड़ रुपए की लागत से मरम्मत एवं कायाकल्प का कार्य हो रहा है। आज 1300 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला। इसमें से ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के युवा हैं, मैं उन्हें बधाई देता हूँ। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के वर्चुअल कार्यक्रम में रायगढ़ से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों से ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जिले के शासकीय स्कूल भवनों की मरम्मत, रंग-रोगन एवं आवश्यक अधोसंरचना के निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। अब तक 418 कार्य पूरे किये जा चुके है। जिले के जिन स्कूलों में कार्य पूरा हो गया है, वे बिल्कुल नए स्वरूप में नजर आ रहे हैं। यहां बच्चों को बेहतर परिवेश में पढऩे की सुविधा मिल रही है।

**जिले के पालकों ने मुख्यमंत्री बघेल से संवाद कर जताया आभार-** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने रायगढ़ जिले के अभिभावकों से भी संवाद कर उनके क्षेत्र के स्कूलों में हुए निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की। जिसमें धरमजयगढ़ विकासखण्ड के कटाईपाली-सी से आये हरिराम राठिया ने कहा कि धरमजयगढ़ के कई स्कूल पहले जर्जर हो चुके थे। जहां बच्चे स्कूल पढऩे आने से भी घबराते थे। लेकिन आज मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ है और स्कूल अब बेहतर हो गए है। स्कूलों में टाईल्स लग गया है, शौचालयों की मरम्मत की गई है। वहीं स्कूलों के रंगाई-पोताई होने से स्कूल भी चमकने लगा है। उन्हीं स्कूलों में अब बच्चे भी बड़े उत्साह से पढऩे जा रहे है। इसी कड़ी में लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम-मोहनपुर की दीपिका वैष्णव ने बताया कि लैलूंगा के जिन स्कूलों का जीर्णोद्धार हुआ है वे सभी स्कूल अब प्रायवेट स्कूल जैसे नजर आ रहे है। यहां के शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक मरम्मत एवं अधोसंरचना का निर्माण कराया गया। साथ ही जो भवन जर्जर एवं अनुपयोगी हो गये थे उसको रिपेयरिंग करते हुए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से जिले के स्कूल संवर गए। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि स्कूल बढिय़ा हो गया है। अब रख-रखाव करते रहिए। पालक समिति इस पर ध्यान देती रहे।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 30 सितम्बर तक मंगाए गए आवेदन




**रायगढ़।** मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन समस्त दस्तावेजों के साथ दो प्रतियों में अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2023 तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ में जमा कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ एवं दूरभाष क्रमांक 07762-222914 में संपर्क कर सकते है।

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना हेतु जिन आवेदकों की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य (अजा/अजजा/अपि वर्ग/महिला/नि:शक्तजन/नक्शल प्रभावित/सेवानिवृत्त सैनिक की आयु में 5 वर्ष की छूट)की पात्रता है। इन योजनाओं के अंतर्गत आवेदन दो प्रतियों में जमा कर सकते है। योजना अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण/उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाई हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख है। लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा। नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुआ है इस योजना में पात्रता नहीं होगी।

## प्रशिक्षक चयन हेतु साक्षात्कार 8 को

**रायगढ़।** भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई)भोपाल म.प्र.द्वारा जिला रायगढ़ में बैडमिंटन खेल हेतु खेलो इण्डिया लघु केन्द्र की स्वीकृति प्रदाय की गई है। उक्त खेलो इण्डिया लघु केन्द्र बैडमिंटन हेतु 01 प्रशिक्षक की आवश्यकता है। प्रशिक्षक नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 8 सितम्बर 2023 को दोपहर 1 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी नियत तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज एवं बैडमिंटन खेल से संबंधित समस्त उपलब्धि प्रमाण-पत्र सहित उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है। आवश्यकतानुसार बैडमिंटन खेल के कौशल परीक्षण, अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में किसी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## फ्लाईएश के अवैध परिवहन व निपटान पर पर्यावरण विभाग की बड़ी कार्यवाही, 4 उद्योगों पर 6.28 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

❐ शिकायत के लिए जारी किया गया है 7987033406 व्हाट्सअप नंबर

❐ कलेक्टर ने लगातार कार्यवाही के दिए है निर्देश



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के द्वारा फ्लाई ऐश के परिवहन एवं निपटान की सतत् रूप से निगरानी एवं जांच की जा रही है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इस संबंध में लगातार कार्यवाही के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। इसी तारतम्य में 20 से 31 अगस्त 2023 के मध्य रायगढ़ जिले में सघन जांच की गई। जांच के दौरान अवैध निपटान एवं समुचित व्यवस्था बिना परिवहन पर कार्यवाही की गई। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए क्षेत्रीय अधिकारी छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल जिला-रायगढ़ अंकूर साहू ने बताया कि फ्लाई ऐश के अवैध अपवहन करने पर 02 उद्योगों के विरूद्ध रूपये 3 लाख 40 हजार रूपये की क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई एवं फ्लाई ऐश के समुचित रूप से तारपोलिन से ढके बिना परिवहन पर 01 उद्योग के 2 वाहनों पर 78 हजार रूपये क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई। साथ ही 01 उद्योग पर मानक सीमा से अधिक उत्सर्जन किये जाने पर 2 लाख 10 हजार रूपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई। कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर पर्यावरण अधिकारी द्वारा जन सामान्य की सुविधा के लिए फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग, परिवहन के संबंध में जानकारी व शिकायत के लिए व्हाट्सअप नंबर 7987033406 जारी किया गया है। जिस पर कॉल कर फ्लाइएश के अवैध परिवहन व डंपिंग के बारे में शिकायत की जा सकती है।

## रायगढ़ साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में अवैध शराब के जखीरे के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार : आरोपियों से 345 लीटर महुआ शराब


❐ 30 पाव गोल्डन गोवा और एक मोटर सायकल जब्त

❐ एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर जिले में चलाए जा रहे सघन जांच अभियान में मिली पुलिस टीम को सफलता



**रायगढ़।** आसन्न चुनाव को देखते हुये रायगढ़ पुलिस पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ चुकी है। एसएसपी सदानंद कुमार ने अवैध शराब और मादक पदार्थ बेचने वालों पर निगाह रखकर सख्त कार्वाई करने के साथ गुण्डा बदमाशों की सूची व थानों के रिकार्ड अपडेट कर आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गये हैं, जिसे लेकर जिले में प्रतिदिन बदमाशों की चैकिंग, गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंटों की तामील के साथ चेक पोस्ट पर कड़ी सुरक्षा एवं सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी रायगढ़ द्वारा राजपत्रित अधिकारियों को विशेष तौर पर अवैध शराब एवं और गांजा के डीलर, सप्लाई चैन पर प्रभावी कार्यवाही के दिये निर्देशों को लेकर एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा साइबर सेल के स्टाफ को सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत बदमाशों पर निगाह रखने और सूचना संकलन के लिये लगाया गया है जिस पर साइबर सेल की टीम को सूचना मिला कि पूंजीपथरा बस्ती में रहने वाला मदन सुंदर धोबा रायगढ़ और आसपास क्षेत्र में अपने अधीन रखे लड़कों से महुआ शराब की बिक्री कराता है। मुखबिर सूचना पर कार्रवाई के लिये साइबर सेल एवं कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा संदेही मदन सुंदर धोबा और उसके साथ काम करने वालों पर निगाह रखे थी जिस पर आज दिनांक 05.09.2023 को मुखबिर से टीम को सूचना मिला कि मदन सुंदर धोबा अवैध शराब की बड़ी खेप लाखा से मोटरसाइकिल के जरिए अपने दो लड़कों से रायगढ़ की ओर सप्लाई करा रहा है। सूचना पर कोतवाली टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्व में तत्काल साइबर सेल और कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा पूंजीपथरा- रायगढ़ मेन रोड़ पर संदेहियों की ताक में थे। पुलिस की एक टीम द्वारा लाख डैम के सामने मेन रोड़ पर दो संदिग्ध युवक लखन साहू (20 साल) और मिथलेश यादव (20 साल) को मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 13 डी 6753 में 02 बोरियों में जिसके अंदर 300ml और 180ml की महुआ शराब पाऊच शराब के साथ पकड़े गये। पकड़े गये दोनों आरोपियों से मुखबिर सूचना के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर बताये कि वे दोनों अपने एक अन्य साथी आरोपी मदन सुंदर धोबो के साथ मिलकर शराब की खेप रायगढ़ सप्लाई करने जा रहे थे। उनका साथी मदन धोबा गेरवानी मेन रोड के किनारे जंगल अंदर शराब लेकर बैठा है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को साथ लेकर गेरवानी रोड जंगल अंदर रेड किया गया, जहां आरोपी मदन सुंदर धोबा शराब के जखीरा के साथ उनके साथी लखन और मिथिलेश यादव के आने का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक की जरकिन और बोरी में पाऊच बनाकर रखा हुआ कुल 344.68 लीटर देशी महुआ शराब और एक कार्टून में रखा 30 पाव गोल्डन गोवा शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक की जप्ती किया गया है।

## खनिज परिवहन में लिप्त 14 वाहन जब्त



❐ अवैध परिवहनकर्ताओं और उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध की जा रही दण्डात्मक कार्यवाही

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन के आदेशानुसार जिले में अवैध ढंग से हो रहे खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए खनिज अधिकारी को निर्देशित किया था। इसके परिपालन में जिले में 4 और 5 सितंबर को खनिज विभाग के अधिकारियों ने सघन चेकिंग कर कार्रवाई कराई, जिसमें अवैध परिवहन में संलिप्त 14 वाहन पकड़े गए। निरीक्षण के दौरान इन वाहनों में गौण खनिज रेत और चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते पाया गया। जिले के बरमकेला, सारंगढ़, भटगांव और बिलाईगढ़ के पुलिस थाना में इन वाहनों को अभिरक्षा में रखा गया है।

इन सभी वाहनों के प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71, खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। खनि अधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी अवैध परिवहन, भंडारण और उत्खननकर्ताओं के विरूद्ध सतत् सख्त दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## अवैध खनिज परिवहन पर लगातार होनी चाहिए ठोस कार्यवाही -कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

❐ साप्ताहिक बाजारों में पसरा लगाने वालों से नहीं हो किसी प्रकार की अवैध वसूली, कलेक्टर ने सभी सीईओ जनपदों को दिए निर्देश

❐ जिम्मेदारी के साथ प्रतिमाह छात्रावास-आश्रमों का निरीक्षण करें अधिकारी

❐ डेंगू रोकथाम व उपचार हेतु समुचित प्रबंध के लिए कलेक्टर सिन्हा ने किया निर्देशित

❐ रोजगार मेला जल्द, कलेक्टर ने तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश

❐ कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक



**रायगढ़।** अवैध खनिज परिवहन पर लगातार कार्यवाही होनी चाहिए। विभागीय अमला पूरी सक्रियता से जांच अभियान चलाए और खनिज के अवैध परिवहन पर ठोस कार्यवाही करें। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर सिन्हा ने इसके साथ ही परिवहन और पर्यावरण विभाग को भी खनिज विभाग के साथ संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को भी इसकी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने धान खरीदी को लेकर विभागीय तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि समितियों और खरीदी केंद्रों में सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में गिरदावरी कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शुद्ध व त्रुटिरहित गिरदावरी की जानी है। उन्होंने सभी एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में गिरदावरी कार्य के निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सितम्बर तक गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया जाना है। प्रत्येक गुरूवार को राजस्व अमले की मीटिंग में इस कार्य के प्रगति की अनिवार्य समीक्षा सभी तहसीलों में करने के निर्देश दिए।

डेंगू के मामलों से निपटने के लिए विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाहियों के बारे में भी कलेक्टर सिन्हा ने जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रभावित इलाकों में विशेष रूप से अभियान चलाया जा रहा है। फॉगिंग के साथ दवा का छिड़काव किया जा रहा है। लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। वहीं डेंगू मरीजों के उपचार के संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन ने बताया कि यहां मरीजों के लिए अलग से 10 बिस्तरीय वार्ड तैयार किया गया है। जहां डेंगू के मरीजों का इलाज किया जाएगा। जांच के लिए आने वाले लोगों को डेंगू मच्छर से बचाव के लिए स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी दी जा रही है। कलेक्टर सिन्हा ने घरों में लम्बे समय से जमे रखे पानी को अनिवार्य रूप से खाली करवाने तथा टेमीफास की दवा का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जिम्मेदारी के साथ प्रतिमाह छात्रावास-आश्रमों का निरीक्षण करें अधिकारी-** कलेक्टर सिन्हा ने अधिकारियों द्वारा छात्रावास-आश्रमों के निरीक्षण के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छी से अच्छी सुविधाएं देना प्राथमिकता है। इसके लिए जरूरी है कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है वे प्रतिमाह जिम्मेदारी के साथ छात्रावास-आश्रमों का निरीक्षण करें। वहां सुविधाओं का जायजा ले तथा जो भी कमी या सुझाव है उसका प्रतिवेदन में उल्लेख करें। उन्होंने कन्या आश्रम-छात्रावासों के नियमित निरीक्षण के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया।

**साप्ताहिक बाजारों में पसरा लगाने वालों से न हो अवैध वसूली-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि गांव में साप्ताहिक बाजारों में पसरा लगाने वालों से अवैध वसूली की शिकायत मिली है। यह गंभीर बात है उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायत को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बाजार में पसरा लगाने वालों से किसी प्रकार की अवैध वसूली नहीं होनी चाहिए। सभी पंचायतों में यह सुनिश्चित करवाएं।

**रोजगार मेला जल्द, कलेक्टर ने तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश-** कलेक्टर सिन्हा ने रोजगार मेले का आयोजन के संबंध में जानकारी ली। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि उद्योगों तथा कंपनियों से वेकेन्सी ली जा रही है। जिसके पश्चात एक दो दिनों में आवेदकों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जल्द से जल्द रोजगार मेला आयोजन के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली जाए। उन्होंने अगले सप्ताह मेला का आयोजन करने के निर्देश दिए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 888 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 5 सितम्बर तक 888 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 26.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 870.5 मिली मीटर, पुसौर में 982.9, खरसिया में 648.5, घरघोड़ा में 833.6, तमनार में 874, लैलूंगा में 889.6, मुकडेगा में 981, धरमजयगढ़ में 978.6, छाल में 787 एवं कापू में 1034 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### ग्राम-मनुवापाली में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 19 सितम्बर तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) रायगढ़ अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र मनुवापाली विकासखंड रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए 19 सितम्बर 2023 तक आवेदन मंगाये गये है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तों की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### आगामी सोमवार तक होगा मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना और त्रुटि सुधार

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले के मतदान केंद्रों में आगामी सोमवार 11 सितम्बर 2023 तक मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जा सकता है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मतदाता की मृत्यु अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाया जा सकता है। नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया जा सकता है। आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ा जा सकता है। दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाया जा सकता है। 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में यदि 18 वर्ष की आयु पूरी हो रही है तो मतदाता बनने हेतु अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क करें अथवा वोटर हेल्पलाइन एप्प या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फार्म 6 भर सकते हैं।

### जिला स्तरीय टास्कफोर्स कमेटी की बैठक 06 सितम्बर को

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टास्कफोर्स कमेटी की कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की अध्यक्षता में बुधवार 06 सितम्बर को आहूत की गई है। जिला खनि अधिकारी ने बताया कि उक्त बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के ठीक बाद आयोजित की जाएगी। उन्होंने सर्वसंबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### बेरोजगारों के लिए नौकरी पाने का सुनहरा अवसर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में 12वीं पास शिक्षित बेरोजगारों के लिए नौकरी पाने का फिर से सुनहरा अवसर सामने आया है। छत्तीसगढ़ प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड ने हैंडपंप टेक्निशियन के पद पर वैकेंसी निकाली है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर है। कैंडिडेट का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास होना जरूरी है. इसके साथ ही उम्मीदवार के पास फि टर, मैकेनिकल, मोटर मैकेनिकल या ट्रैक्टर मैकेनिकल ट्रेड में से किसी एक में आईटीआई डिप्लोमा भी होना चाहिए। अगर एज लिमिट की बात करें तो इन पद के लिए 18 से 35 साल तक के कैंडिडेट्स अप्लाई कर सकते हैं। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को शासन द्वारा लागू नियम, आयु सीमा में छूट का भी लाभ मिलेगा।

### 7, 12, 19, 20, 25, 28 एवं 30 को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा (आरएनएस)।** आगामी 07 सितम्बर को कृष्ण जन्माष्टमी, 12 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व प्रथम दिवस, 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी, 20 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व अंतिम दिवस, 25 सितम्बर को ढोल ग्यारस, 28 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी एवं 30 सितम्बर को जैन पर्यूषण पर्व सम्वतसरी व उत्तमक्षमा के अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत समस्त वधशालाओं को बंद रखा जाएगा तथा किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य व मांस आदि की बिक्री नहीं होगी। निगम द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त वधशालाओं व पशुवधकर्ताओं को आदेशित करते हुए कहा गया है कि वे उक्त तिथि को किसी भी प्रकार का पशुवध कार्य न करें तथा मांस बिक्री की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखें, उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही करने के साथ ही संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480